हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 जून 2026

04 चार साल में करीब एक करोड़ खर्च लेकिन पानी...



07 सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत दोनों छात्रावासों...





## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 30 तक

**विदिशा।** आईटीआई विदिशा में सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गए हैं। अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए संस्था में हेल्प डेस्क भी है। जहां प्रवेश से संबंधी जानकारी एवं ऑनलाइन पंजीयन में सहायता मिल सकती है। प्राचार्या कविता रघुवंशी ने बताया कि आईटीआई प्रशिक्षण से युवाओं को रोजगार, अप्रेंटिसशिप और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं। दो वर्षीय पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर 12वीं समकक्षता प्रमाण पत्र का लाभ भी मिलता है। अधिक जानकारी के लिए छात्र मोबाइल 9406564234 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ऑडिटोरियम में शिविर शुरू, 18 तक चलेगा

**विदिशा।** ऑडिटोरियम में 16 से 18 जून तक 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर मंगलवार से शुरू हुआ। शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, आवेदन, पंजीयन और सेवा वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास सहित कई विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर आवेदनों का परीक्षण और समाधान कर रहे हैं। प्रशासन ने अधिकाधिक नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### मलेरिया रथ ने गांव-गांव में बचाव के उपाय बताए

**विदिशा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन द्वारा संचालित मलेरिया जनजागरूकता रथ ने मंगलवार को देवखजूरी, कागपुर, हिनोतिया, सेउ और पमारिया चौराहा सहित कई गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से फैलता है और समय पर जांच व उपचार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव रोकने, मच्छरदानी के उपयोग तथा बुखार होने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई। विभाग ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों और आशा कार्यकर्ताओं के पास मलेरिया जांच की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

### कुआं-बावड़ी पूजन, जल संरक्षण का दिया संदेश

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम धामनोद में कुआं-बावड़ी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवांकुर संस्था आत्मनिर्भर सेवा समिति गुंजरी, जन जागरण समिति हैदरगढ़ एवं प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। रंगोली एवं दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत पूजन किया गया। ब्लॉक समन्वयक स्वदेश आचार्य ने जल संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताया। वक्ताओं ने वर्षा जल संचयन अपनाने और जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। ग्रामीणों ने जल संरचनाओं के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

### जटपुरा में गोशाला के लिए भूमिपूजन हुआ

**शमशाबाद।** युवा गौ सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम जटपुरा में गौशाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने गौशाला निर्माण के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति और सामाजिक दायित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश के संरक्षण पर जोर दिया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि गौशाला का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

---

### लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन के एक भी आवेदन को न छोड़ें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

**कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में लंबित शिकायतों और जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन का एक भी आवेदन नहीं बचना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी स्तर पर आवेदन अनअटेंड पाए जाने पर संबंधित एल-1 अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन और आमजन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि विकासखंड स्तर के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर लंबित मामलों और योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि आवेदक की वास्तविक समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 18 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविरों को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीयन और समयबद्ध निराकरण तय किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों से जवाबदेही के साथ कार्य करने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर गुप्ता।

**»** *एक सप्ताह में बताना होगा सालभर में क्या उपलब्धि हांसिल की।*

**»** *निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अफसरों की भी लगी क्लास।*

#### एक सप्ताह में उपलब्धियों की रिपोर्ट देने के निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी विभागों को गत एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य की योजनाओं, लाभान्वित हितग्राहियों, विकास कार्यों तथा विभागीय नवाचारों की तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

#### दो आंगनबाड़ी और एक स्कूल गोद लेने के निर्देश दिए

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कम से कम दो आंगनबाड़ी केंद्र और एक विद्यालय गोद लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से इन संस्थाओं का निरीक्षण करें तथा बच्चों की शिक्षा, पोषण और आधारभूत सुविधाओं की निगरानी करें। विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने कहा गया।

#### गोद लिए संस्थानों के लिए बनेगा फॉर्मेट

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला स्तर पर एक मानकीकृत प्रपत्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे गोद लिए गए आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों की प्रगति, उपलब्धियों और आवश्यक सुधारों का व्यवस्थित मूल्यांकन किया जा सके। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास और पोषण संबंधी लक्ष्यों की निगरानी अधिक प्रभावी होगी।

---

## तबादले: खनिज विभाग सहित कई शाखाओं के अधिकारी बदले

### विदिशा में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर अनुमा जैन को अवर सचिव, मप्र शासन गृह विभाग में पदस्थ किया

- फेरबदल का असर विदिशा जिले में भी साफ दिखाई दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मध्यप्रदेश शासन ने प्रदेश स्तर पर राजस्व, प्रशासनिक और खनिज विभाग के अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं।

इस फेरबदल का असर विदिशा जिले में भी साफ दिखाई दिया है, जहां कई अधिकारियों को अन्य जिलों में भेजा गया है और नए अधिकारियों को विदिशा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजस्व विभाग में तहसीलदार और नायब तहसीलदार स्तर पर व्यापक बदलाव किए गए हैं। आदेश के अनुसार, रायसेन से सुधीर शुक्ला, नरसिंहपुर से अतुल श्रीवास्तव और भोपाल से दिलीप कुमार चौरसिया को विदिशा में पदस्थ किया गया है। नायब तहसीलदार संदीप शर्मा को निवाड़ी से विदिशा भेजा गया है। दूसरी ओर विदिशा से भी कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां मिली हैं। नायब तहसीलदार विनोद कुमार कुर्राम का तबादला बालाघाट, नागेश पवार का उज्जैन, प्रभारी नायब तहसीलदार मायाराम यादव का भिंड, राजेंद्र सेन का नरसिंहपुर, बलीराम साहू का मंडला और देवी सिंह यादव का गुना किया गया है।

#### वरिष्ठ स्तर पर भी बढ़ा फेरबदल किया गया

वरिष्ठ प्रशासनिक स्तर पर भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंदौर से संयुक्त कलेक्टर ओम नारायण बड़कुल और दमोह की अपर कलेक्टर मीना मसराम को विदिशा की जिम्मेदारी दी गई है। शिवपुरी के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार को भी विदिशा में पदस्थ किया गया है। विदिशा में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर अनुमा जैन को अवर सचिव, मप्र शासन गृह विभाग में पदस्थ किया गया है। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर विश्वकर्मा को विदिशा से इंदौर और प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अजय प्रताप पटेल को राजगढ़ भेजा गया है। खनिज विभाग में भी बदलाव किया गया है। भोपाल से पूजा बानखेड़े को खनिज निरीक्षक के रूप में विदिशा पदस्थ किया गया है। यह फेरबदल प्रशासनिक कार्यों में गति और बेहतर समन्वय के उद्देश्य से किया गया है, जिससे जिले के प्रशासनिक कामकाज में तेजी आएगी।

#### नपा और नगर परिषद में भी किया गया फेरबदल

विदिशा नपा के उपयंत्री जयप्रकाश जायसवाल का तबादला नगरपालिका जिला सीधी में हुआ है। विदिशा नपा के ही उपयंत्री संजीव जैन का तबादला नगर परिषद खिलचीपुर में किया गया है। नगर परिषद शमशाबाद में पदस्थ उपयंत्री विजय कुमार इंवने का तबादला नगर परिषद बैतूल में किया गया है।

---

## दहेज के लिए बेटी की हत्या, पिता ने एसपी से शिकायत की, बोले: मामला दर्ज पर अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई

### ग्राम भौरिया के मीठालाल का आरोप दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या की गई

- चार पहिया वाहन और 10 लाख रु. की मांग करने का आरोप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एक पिता ने अपनी बेटी की मौत को हत्या बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम भौरिया निवासी मीठालाल ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी सलोनी की हत्या कर दी गई। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिवार में नाराजगी है।

पिता मीठालाल ने मंगलवार को एडिशनल एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उनकी बेटी सलोनी की शादी आशीष उर्फ नैतिक किरार से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति, सास, जेठ और जेठानी द्वारा दहेज के रूप में बाइक, चार पहिया वाहन और 10 लाख रुपए नकद की मांग की जाने लगी। परिवार का कहना है मांग पूरी न होने पर सलोनी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। 13 मई को सलोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायका पक्ष इसे हत्या करार दे रहा है।

#### पुलिस के द्वारा 20 दिन बाद मामला दर्ज किया गया



*परिजनों का आरोप है कि घटना के करीब 20 दिन बाद मामला दर्ज तो कर लिया गया, लेकिन अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रभाव के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है और उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित पिता अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मीठालाल ने कहा मेरी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। उसकी हत्या हुई है। हमें न्याय चाहिए और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो।₹ मामले में एएसपी प्रशांत चौबे ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।*

---

### मीनाक्षी नटराजन के समर्थन में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जिला महिला कांग्रेस आज बरईपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करेगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने बताया कि यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। दोपहर 3:30 बजे शुरू होने वाले प्रदर्शन में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों पर काली पट्टी बांधकर लोकतंत्र की हत्या के विरोध में आवाज उठाएंगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीकात्मक रूप से चूड़ी भेंट करते हुए पुतला दहन किया जाएगा तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रियंका किरार ने आरोप लगाया कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किया जाना नारी शक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है।

---

## दांगी समाज ने प्रशासन और कांग्रेस को दी चेतावनी

### निष्पक्ष जांच व जवाब नहीं मिलने पर भोपाल कूच और प्रदर्शन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गुलाबगंज स्थित अखिल भारतीय दांगी क्षत्रिय समाज धर्मशाला भवन में दांगी क्षत्रिय समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए समाज बंधुओं ने भाग लेकर सामाजिक सम्मान और न्याय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

दांगी क्षत्रिय महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गंजबासौदा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर के विरुद्ध दर्ज प्रकरण को लेकर चिंता जताई। समाजजनों ने कहा पूर्व में पुलिस को ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक निष्पक्ष जांच के स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुए हैं। समाज ने चेतावनी दी कि यदि बुधवार तक जांच के आदेश जारी नहीं होते हैं तो जिलेभर से हजारों समाजजन भोपाल पहुंचकर आईजी एवं डीआईजी को ज्ञापन सौंपेंगे।



#### गुलाबगंज के तत्कालीन अध्यक्ष राजीव दांगी को बिना सूचना पद से हटाए जाने का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठाया गया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुलाबगंज के तत्कालीन अध्यक्ष राजीव दांगी को बिना पूर्व सूचना एवं कारण बताओ नोटिस के पद से हटाए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। समाज का कहना है कि इस संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी को ज्ञापन देने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। समाज ने निर्णय लिया कि यदि बुधवार तक कांग्रेस की ओर से जवाब और संवाद स्थापित नहीं किया जाता है तो जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर विरोध स्वरूप पुतला दहन किया जाएगा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को ज्ञापन सौंपेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपने सम्मान, न्याय और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

---

### नेटवर्क और सर्वर डाउन से ऑनलाइन काम ठप

**शमशाबाद।** नगर में जियो कंपनी का सर्वर इन दिनों आंख-मिचौनी खेल रहा है, जिससे उपभोक्ता खासे परेशान हैं। कभी नेटवर्क गायब तो कभी स्पीड धीमी। इस समस्या ने आमजन से लेकर ऑनलाइन दुकानदारों तक की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिजली गई तो नेटवर्क भी गया। लोगों का कहना है कि जैसे ही लाइट जाती है, नेटवर्क भी साथ छोड़ देता है। बिजली आने के बाद भी सर्वर स्थिर नहीं रहता और बार-बार डाउन हो जाता है। उपभोक्ताओं के अनुसार सुबह और शाम के समय सर्वर की समस्या चरम पर रहती है, जिससे जरूरी काम अटक जाते हैं। नगरवासियों ने कंपनी से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि अगर यही हाल रहा तो डिजिटल सेवाओं पर भरोसा डगमगा सकता है।

---

## दूसरे दिन 219 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ब्लॉक स्तरीय मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर के द्वितीय दिवस में आम जनता की समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुँचाने के लिए भारी उत्साह देखा गया। शिविर में आज कुल 294 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 219 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया। शेष बचे आवेदनों को सूचीबद्ध कर संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है, जिन्हें एक निश्चित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह पटेल ने विभिन्न स्टालों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वाइल हेल्थ कार्ड (मृदा स्वास्थ्य कार्ड), जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक शासकीय लाभों का वितरण किया।

---

### एक साल में 32 अवैध मेडिकल के दवा लाइसेंस निरस्त

**विदिशा।** पिछले एक साल में निरीक्षण दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 32 थोक एवं खुदरा औषधि विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई की जद में लटेरी, गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, ग्यारसपुर, शमशाबाद सहित कई क्षेत्रों के मेडिकल स्टोर्स और दवा एजेंसियां आई हैं। जांच में निर्धारित मानकों, लाइसेंस शर्तों और वैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन पाए गए थे। कलेक्टर ने कहा कि आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। अवैध मेडिकल स्टोर्स और नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर्स की लगातार जांच की जा रही है।

---

### जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं के निराकरण पर फोकस

# कलेक्टर ने सुनी फरियाद, कई मामले निपटाए

**297 आवेदन आए, 168 का मौके पर ही निराकरण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता को 297 आवेदकों ने अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 168 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, सामाजिक न्याय, बिजली, पेयजल, पेंशन, भूमि विवाद, आवास, आर्थिक सहायता, सीमांकन, कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने सहित अन्य जनहित से जुड़े आवेदन आए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वयं प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और आवेदन का समयबद्ध निराकरण का भरोसा दिलाते हुए समस्याओं के निराकरण की पहल की है। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से खंड स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर आवेदनों के निराकरण संबंध में निर्देश दिए हैं।



**विदिशा।** जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

जनसुनवाई के दौरान करैयाखेड़ा रोड निवासी सुरेंद्र परिहार ने आंधी तूफान के कारण घर की दीवार गिरने व टीन उड़ने से हुए नुकसान के कारण आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आवेदन दिया। आवेदक श्री निरपत सिंह ने आवासीय मकान का पट्टा दिलाने, गुलाबगंज तहसील निवासी राहुल अहिरवार ने अपने भाई की निधन पर आर्थिक सहायता राशि दिलाने, ग्राम चक्क पाटनी की आवेदिका देवकी बाई पंथी ने गलत सीमांकन कर जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की थी इस प्रकरण में आवेदिका के साथ न्याय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। ग्राम उनारसी ताल के आवेदक सुरेश कुमार ने अपनी कृषि भूमि की सही नपती करने के संबंध में, ग्राम आदमपुर के आवेदक सैयद सोलत उल्लाह ने पटवारी द्वारा सीमांकन न करने की शिकायत की।

---

## आज से 26 जून तक जिलेभर में लोगों को जागरुक करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में 17 से 26 जून तक नशामुक्त भारत सप्ताह मनाया जाएगा। अभियान के तहत युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम होंगे।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं संबंधित विभागों को व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान का उद्देश्य मद्यपान, मादक पदार्थों एवं अन्य नशीले द्रव्यों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। गतिविधि कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से रैली, शपथ ग्रहण, संगोष्ठी, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, जागरूकता शिविर, नुक्कड़ नाटक तथा अन्य जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रशासन ने सभी विभागों एवं संस्थाओं से गतिविधियों की जानकारी समय पर सामाजिक न्याय विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। 26 जून को विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया जाएगा तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4100
सरसों
न्यूनतम भाव-5530
उच्चतम भाव-7650
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8730
धान
न्यूनतम भाव-2695
उच्चतम भाव-3600
चना
न्यूनतम भाव 3200
उच्चतम भाव-5782
मटर
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2900
मूंग
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7270
मक्का
न्यूनतम भाव-1485
उच्चतम भाव-1700
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7700
मसूर
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-9501
धनिया
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-11500
तुअर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-4600
बटरी
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3580
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3200
अलसी
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 12782.5 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले आरोपियों को सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




न्यायाधीश द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपीगण को 2-2 वर्ष की सजा एवं 2000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि न्यायालय राकेश कुमार ठाकुर, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्या. बासौदा ने अपने निर्णय में मंगलवार को आरोपीगण को 2-2 साल की सजा और 2000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोक्त्री के माता पिता ने थाना शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री लगभग साढे 14 वर्ष की है। उसे अभियुक्तगण बहला फुसलाकर ले गए हैं। जिस पर शहर थाना पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस एवं 11/12 पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी।

अनुसंधान उपरांत न्यायालय में शहर पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। अनुसंधान के दौरान पीड़िता को दस्तयाब किया गया तथा उसके कथन लेखबद्ध किए गए तथा पीड़िता की दस्तयाबी उपरांत भी माता पिता के भी पुलिस द्वारा कथन लेखबद्ध किए गए थे, तथा पीड़िता के धारा 183 बीएनएसएस के कथन संबंधित न्यायालय में कराए गए थे। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए एवं उपलब्ध साक्ष्य तथा अभियोजन के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्तगण को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 137(2), 87 बीएनएस में 02-02 वर्ष की सजा, धारा 74 बीएनएस में 1-1 साल एवं कुल 2000 रूपये के अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट में दण्डित किया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक कोर्ट मोहर्रिर रीतेश तिवारी द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# जरूरतमंद मरीज को बारिश में विदिशा पहुंचकर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानवता और सामाजिक सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। नगर के रक्तदाता शैलेन्द्र यादव ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर जरूरतमंद मरीज शरीफ खान की मदद के लिए अपना 18 वां रक्तदान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शरीफ खान गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। परिवार द्वारा सहायता की गुहार लगाए जाने पर जब कोई आगे नहीं आया, तब शैलेन्द्र यादव ने बिना देर किए मदद का हाथ बढ़ाया। लगातार हो रही बारिश के बीच वे बाइक से गंजबासौदा से विदिशा पहुंचे और मरीज के लिए रक्तदान कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शैलेन्द्र यादव के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत को रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने यह साबित कर दिया कि इंसानियत का कोई धर्म नहीं होता और जरूरत के समय की गई मदद ही सबसे बड़ा धर्म है। स्थानीय नागरिकों ने शैलेन्द्र यादव के इस सेवा भाव को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से सामाजिक सौहार्द और मानवता की भावना मजबूत होती है।

## ग्राम ककरावदा में जलजीवन मिशन के हाल बेहाल, ग्रामीण परेशान

# चार साल में करीब एक करोड़ खर्च लेकिन पानी फिर भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





केन्द्र सरकार की घर घर नल से जल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना को अधिकारी और ठेकेदार कैसे क्रियान्वित कर रहे हैं, इसको समझने के लिए बासौदा त्योंदा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम ककरावदा की स्थिति को देखा जा सकता है। इस गांव में चार साल पहले करीब एक करोड़ रूपए की लागत से जलजीवन मिशन के तहत नलजल योजना का काम शुरू किया गया था। बाद में योजना की लागत को बढाया भी गया, लेकिन आज तक योजना शुरू नहीं हो सकी है और ग्रामीण पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए निजी नलकूपों, हैंडपंपों और खेतों में बने जलस्त्रोतों से जलापूर्ति करना पड़ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था के लिए जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी। जिसमें भारी भरकम बजट के साथ अधिकारियों ने गांव गांव में नल जल योजनाओं की तैयारी की और निर्माण एजेंसियों को ठेके दे दिए।

इस योजना के तहत कई गांवों में नलजल योजनाओं का काम तेजी से शुरू किया गया और ग्रामीणों को शीघ्र घरों में नल से पानी आने की उम्मीद बंध गई थी, लेकिन करीब चार साल बाद भी गांवों में पानी नहीं पहुंचा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने ठेकेदारों से पाइप लाइन बिछाने, संपवैल बनवाने, टंकी निर्माण कराने और ट्रांसफार्मर रखवाने जैसे काम तो करवा लिए और उनका भुगतान भी कर दिया, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पानी के स्त्रोत पर ध्यान नहीं दिया। परिणाम यह निकला कि अधिकांश गांवों में नलजल योजनाएं अब सफेद हाथी साबित हो रही हैं।

ग्राम ककरावदा का भी यही हाल है। यहां बरसों पुरानी नलजल योजना है, जिससे करीब आधे गांव में जलप्रदाय होता है। गांव का विस्तार और आबादी बढ़ने के कारण यहां भी नवीन नलजल योजना बनाई गई। जिसके तहत पाइप लाइन बिछाने, टंकी निर्माण आदि काम तो करवा लिए गए, लेकिन जलस्त्रोत की व्यवस्था नहीं की गई। जिससे करीब तीन हजार की आबादी वाला यह गांव अभी तक पानी के लिए परेशान हो रहा है। इस गांव के आसपास आदिवासी बस्ती भी है। हाल ही में शुरू की गई धरती आबा योजना के बावजूद भी आदिवासी बस्ती में जलापूर्ति की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। मुख्य मार्ग पर स्थित इस गांव के हालात को देखकर आसानी से समझा जा सकता है। कि दूरस्थ गांवों या मुख्य मार्ग से दूर के गांवों के हाल क्या होंगे। इस संबंध में पीएचई एसडीओ अतुल मिश्रा का कहना था कि परिवार में गमी के चलते बाहर हैं। वापस लौटने पर स्थिति की जांच कर उचित कारवाई करेंगे।

### विजय सिंह के निजी नलकूप से हो रही जलापूर्ति

**गंजबासौदा।** गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे इस गांव के अधिकांश ग्रामीणों को विजय सिंह रघुवंशी के नलकूप का ही सहारा है। विजय सिंह अपने घर से प्रतिदिन दोनों समय ग्रामीणों का जलापूर्ति करा रहे हैं। विजय सिंह के अनुसार वे हर साल गर्मियों में गांव वालों को पानी उपलब्ध कराते हैं, लेकिन सरकार ने जिस योजना पर करोडों खर्च किए हैं, उसे शुरू कराने पर अधिकारी बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# एनएसयूआई ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को एनएसएयूआई द्वारा चुनाव आयोग एवं भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान एनएसएयूआई कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग से निष्पक्षता बनाए रखने तथा लोकतंत्र की गरिमा को सुरक्षित रखने की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के सचिव विकाश शर्मा, संतोष शर्मा, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, सुनील बाबू पिंगले, सत्य प्रकाश सेन, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नितिन दुबे, राजकुमार सेन, अमित दुबे पट्टू, जगदीश सुहाने, बीडी शर्मा, राहुल ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, राजवर्धन राजपूत, पृथ्वी रघुवंशी, राजकुमार सेन, प्रशांत नायक, अभिषेक गुर्जर, पप्पू सोनी, पलाश जैन, यश मिश्रा, नमन दुबे, यश बालोटिया, आनंद दुबे, नेतराम, अभिषेक, राहुल, प्रिंस सहित अनेक एनएसयूआई एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निबोदिया की क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




बासौदा सिरोंज मार्ग पर ग्राम निबोदिया पर दो वर्ष पूर्व बनी पुलिया कई माह से क्षतिग्रस्त अवस्था में दिखाई दे रही थी, जिसमें ऊपर लोहे के सरिया निकल रहे थे तथा पुलिया के आसपास गहरे गड्ढे हो गए थे। जिससे रात्रि के समय वाहन चालकों को हादसों का शिकार हो रहे थे। रात्रि के समय दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके थे। सकरौली रोड की पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन चालक परेशान थे। समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने पुलिया की मरम्मत शुरू कर दी। पुलिया के ऊपर वेरीकेट्स लगाकर इस पर सीसीकारण कर दिया गया है। यदि पुलिया की मरम्मत समय रहते नहीं होती तो बारिश के दिनों में किसी बड़े हादसे से भी इनकार नहीं किया जा सकता था। पुलिया की मरम्मत हो जाने के कारण वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। पुलिया से अब बड़े वाहन भी आसानी से गुजर जाएंगे।

# नपा अमले ने रिपटा घाट से हटवाया कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बेतवा नदी के रिपटा घाट पर श्रमदान दल द्वारा साफ, सफाई कर बड़ी मात्रा में कचरा एकत्रित किया था। जिसे मंगलवार को नपा अमले द्वारा घाट से हटाने की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि श्रमदान दल के युवा पिछले कई वर्षों से बेतवा नदी की स्वच्छता, संरक्षण एवं जनजागरूकता के लिए निरंतर श्रमदान कर रहे हैं। पिछले एक माह के दौरान रिपटा घाट से बड़ी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक एवं पूजन सामग्री निकालकर घाट पर एकत्रित की गई थी, ताकि नगर पालिका उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाकर निष्पादित कर सके। कचरा हटाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया गया था। इस बीच मानसून के आगमन की संभावना लगातार बढ़ती जा रही थी और यह आशंका गहराने लगी थी कि यदि तेज वर्षा हुई तो घाट पर एकत्रित किया गया समस्त कचरा पुनः बेतवा नदी में बह जाएगा, जिससे एक माह की मेहनत व्यर्थ हो जाएगी। जिसको ध्यान में रखते हुए नपा सफाई अमले द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से रिपटा घाट पर पड़े कचरे एवं पूजन सामग्री के ढेरों को हटाने की कार्रवाई की गई। जिसे नपा के ट्रेक्टर, ट्राली से कचरा ग्राउंड पहुंचाया गया।

# दूसरे दिन भी चला बारिश का दौर



**गंजबासौदा।** मंगलवार को दूसरे दिन भी नगर में रुक रुक कर तेज हवा के साथ बारिश हुई। सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप निकली। जिससे लोगों को गर्मी और उमस के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव हुआ। आसमान में घने बादल छाए और तेज हवा का दौर शुरु हो गया और रुकरुक कर बारिश का दौर भी चलता रहा। कभी हवा के साथ तेज बारिश, तो कभी हल्की बारिश का दौर रुक रुक कर लगभग एक घण्टे तक चलता रहा। जिससे नगर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं एवं मौसम में ठण्डक घुल गई।

## आमजन को एक ही स्थान पर मिल सकेगा शासन की योजनाओं का लाभ

# तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शिविर का हुआ शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आमजन को शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आजीविका भवन में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय जनकल्याण शिविर जारी है। शिविर के पहले दिन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त किया तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के उद्घाटन अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेन्द्रसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अरविन्द यादव, जनपद पंचायत सीईओ तपस्या जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनकल्याण शिविर में आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड सुधार, समग्र आईडी, संबल कार्ड, सीएससी सेवाएं, पशुपालन विभाग की ऋण योजनाएं, राजस्व विभाग के सीमांकन एवं बंटवारा संबंधी कार्यों सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं प्रदान करने के लिए अलग-अलग स्टॉल स्थापित किए गए। इन स्टॉलों पर नागरिकों को आवश्यक जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं सत्यापन भी किया गया। शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया गया, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर नागरिकों की जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। इसी उद्देश्य से जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ हो सकें। उल्लेखनीय है कि यह जनकल्याण शिविर 16 से 18 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को योजनाओं का लाभ एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# अनेक वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्मार्ट मीटर को लेकर हुए विवाद के मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों ने तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नागरिकों ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर जांच कराए जाने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर को लेकर हुए विवाद के बाद जिस प्रकार मामला दर्ज किया गया है, उसकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि मामले में किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो और जांच पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद अधिकारियों ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि मामले की जानकारी संबंधित विभाग को भेजी जाएगी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद रहे।

# संगोष्ठी में पृथ्वी सिंह रघुवंशी को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा पंच परिवर्तन में युवाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे लगातार नवाचार कर आदिवासी बहुल बस्ती कालापठार मे शिक्षा की मशाल जलाने वाले शासकीय प्राथमिक विद्यालय कालापठार के प्रधानाध्यापक पृथ्वीसिंह रघुवंशी को इन्द्रेश कुमार आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब देश का युवा वर्ग शिक्षा, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भरता, नागरिक कर्तव्यों और पारिवारिक मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएगा। पंच परिवर्तन आज राष्ट्र जागरण का जनआंदोलन है। कर्मचारी नेता विनोद श्रीवास्तव, अमर सिंह तोमर, संजीव रघुवंशी ने कहा कि पंच परिवर्तन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला जनआंदोलन है। इसके पाँच प्रमुख आयाम सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी के माध्यम से आत्मनिर्भरता, नागरिक कर्तव्य तथा पारिवारिक जागरूकता एवं संस्कार, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मजबूत आधारशिला हैं। शिक्षक नेता जितेंद्र नामदेव, राम राज सिंह दांगी, निर्भय सिंह ने युवाओं को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल सरकारों के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नीलम सिंह, राम बाबू, देवेंद्र सिंह, पर्वत सिंह ने कहा विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी प्राप्त होगा जब देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को राष्ट्र निर्माण का सहभागी माने। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अनेक पदाधिकारीगण एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज की फीस दो किस्तों में जमा कर सकते हैं विद्यार्थी

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन काउंटर्स पर विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से एक साथ पूर्ण शुल्क जमा करने के लिये कहा जा रहा है, जिससे विद्यार्थी असमंजस में पड़ रहे हैं।

### खेत में जबरन बना रहे दंबग रास्ता

**सीहोर।** खेत में जबरन रास्ता बनाने का आरोप मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर महिला फरियादी के द्वारा लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने सभी सरकारी दफतरों में सबूतों के साथ अर्जी लगाई है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। सीवन नदी के किनारे से निकले पुराने सरकारी रास्ते को जानबूझकर बंद कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट पहुंची वृद्धा कमला कुशवाह ने बताया कि पुराने सरकारी रास्ते को बंद कर अवंतिपुरा खसरा नं. 35/3 की कृषि भूमि से रास्ता निकाने की कोशिश की जा रही है। खेत में मुर्म चूरी डलवा कर पक्का बनवाया जा रहा है। जबकी राजस्व न्यायालय ने 9/1/2/1 पर रास्ता बनाने के निर्देश पारित किया है यह भूमि जगदीश कुशवाहा की है। फरियादी कमला बाई की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आगामी 28 से 30 जून तक जिले में चलने वाले वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। संबंधितों को अभियान के सफल संचालन के लिए माइक्रो कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### बीआरसी ने छात्रावास का किया निरीक्षण, अनियमिताएं देखने के बाद जारी किए नोटिस

# सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत दोनों छात्रावासों में एक अधीक्षिका की बरस रही बरसों से 'कृपा'

### कलेक्टर के आदेश को डीपीसी ने गंगा में बहाया, अनियमितताओं की जानकारी होने के बाद भी फाइल को दबाया






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सिरोंज क्षेत्र में दो छात्रावास संचालित है। नगर के भोपाल रोड स्थित नेता जी सुभाष चंद बोस बालिका छात्रावास में कक्षा 1 से 8 तक की छात्राएं निवासरत है। साथ ही ग्राम मुलगसराय में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राएं निवास करती है। दोनो बालिका छात्रावास में वर्तमान में एक ही अधीक्षिका कार्यभार संभाल रही है। पिछले एक वर्ष से दोनो ही छात्रावासो की गंभीर षिकायत जिम्मेदार अधिकारियो को मिलती रही। हद तो जब हो गई जब मुगलसराय बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण के समय कलेक्टर अंषुल गुप्ता ने छात्रावास में फैली अनियमितओं को देखते हुए तत्काल छात्रावास अधीक्षिका पर कार्यवाही करने के आदेष दिए थें। लेकिन डीपीसी की मनमर्जी के चलते आज दिनांक तक उक्त अधीक्षिका पर कोई कार्यवाही नही की गई और न ही छात्रावास में फैली अव्यवस्थाओं में कोई सुधार हुआ।

### कलेक्टर के आदेश को डीपीसी ने आखिरकार कैसे उडाया हवा में?

ग्राम मुगलसराय के भ्रमण दौरान कलेक्टर अंषुल गुप्ता कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुचें थें। उस समय ग्रामीणो ने कलेक्टर अंषुल गुप्ता से छात्रावास की कई षिकायते की और जब कलेक्टर ने स्वंय निरीक्षण किया तो छात्रावास में कई अनियमिताएं पाई गई थी। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल अधीक्षिका को हटाने की कार्यवाही के आदेष दिए थें। लेकिन फिर भी डीपीसी ने कलेक्टर के इस आदेष का हवा में पालन करते हुए सिरोंज स्थित बालिका छात्रावास की अधीक्षिका को मुगलसराय बालिका छात्रावास का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। लेकिन उक्त अधीक्षिका प्रभार लेने के बाद भी एक दिन भी मुलगसराय नही पहुची और सिरोंज बैठे बैठे ही मुगलसराय छात्रावास का कार्य करती रही। मझे की बात तो यह रही कि आदेष सिरोंज छात्रावास अधीक्षिका का हुआ। लेकिन धरातल पर यह देखा गया कि कलेक्टर के आदेष के बाद भी छात्रावास से हटाई गई अधीक्षिका ही कार्य करती रही। वही सूत्रो की माने तो जिस अधीक्षिका को छात्रावास से हटा दिया गया था। वह अधीक्षिका ही बालिकाओं के लिए आने वाली राषि का आहरण करती रही। जब इस बात की षिकायत विदिषा में डीपीसी से की गई तो तब जाकर बैंक से लेनदेन का कार्य पुरानी अधीक्षिका ने बंद किया। इसी बीच पद से हटाई गई अधीक्षिका शन्नो बी पहले की तरह ही काम करती रही। ग्रामीणो ने यह भी आरोप लगाया कि डीपीसी ने यह कहकर अधीक्षिका को हटाया था कि दो माह बाद जगह निकालकर इन्हें पुनः पदस्थ कर दिया जाएगा। जबकि स्थिति यह है कि डीपीसी साल में एक बार छात्रावास का निरीक्षण करते है। साल भर कोई निरीक्षण नही होता। जिस कारण छात्रावास की अधीक्षिकाओं के हौसले बुंलद रहते है और बालिका भी अपने अधिकार से वंचित रह जाती है।

### सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास के भी कुछ ऐसे ही हाल

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में पदस्थ अधीक्षिका कृपा तिक्री काफी लंबे समय से पदस्थ है। तो वही उक्त छात्रावास में निवासरत छात्राओं ने जब खाने पीने सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जब षिकायत की तो कोई भी अधिकारी जांच के लिए नही पहुचां। जब इस मामले की कई षिकायते हुई तो सिरोंज बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव उक्त छात्रावास का निरीक्षण करने पहुचें तो निरीक्षण के दौरान काफी गंभीर अनियमिताएं देखने को मिली। वही बीआरसी द्वारा छात्रावास अधीक्षिका को नोटिस भी जारी किए। लेकिन अधीक्षिका द्वारा एक भी नोटिस का जवाब नही दिया गया। न ही इस मामले में जांच के लिए जिले से कोई टीम नही आई। जिस कारण बीआरसी के निरीक्षण का कोई फायदा बालिकाओं को नहीं मिल पाया।

### अधीक्षिका के आगे बीआरसी भी मजबूर

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले में डीपीसी के अधिनस्थ सिरोंज ब्लॉक में बीआरसी कार्य करते है। लेकिन डीपीसी द्वारा छात्रावासो का निरीक्षण न करने को लेकर मौखिक रूप से मना कर दिया गया है। जब छात्रावास का निरीक्षण करने बीआरसी पहुचतें है तो वहा पर काफी अनियमिताएं मिलती है तो उन अनियमितओं को लेकर वह छात्रावास अधीक्षिका को नोटिस देते है। साथ ही एक पत्र डीपीसी को भी लिखते है लेकिन न तो डीपीसी द्वारा उक्त पत्र पर कोई कार्यवाही की जाती और न ही छात्रावास अधीक्षिकाओं द्वारा पत्र पर किसी प्रकार का ध्यान दिया जाता है।

#### इनका कहना है

सिरोंज क्षेत्र में संचालित नेता जी सुभाष चंद्र बोस एंव कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का प्रत्येक माह निरीक्षण करता हूं। निरीक्षण के दौरान काफी अनियमिताएं मिलती है और दोनो छात्रावासो की कई गंभीर षिकायते भी प्राप्त हुई। जब अधीक्षिकाओं को नोटिस दिया तो उन्होने कोई जवाब नही दिया और न ही डीपीसी कार्यालय द्वारा कोई सख्त कार्यवाही की गई। जिस कारण छात्रावास में पदस्थ अधीक्षिकाओं के हौसलें बुंलद है। इस वर्ष इन दोनो छात्रावास में नवीन पद स्थापना के लिए आवेदन भी जारी किए गए है।

जितेन्द्र श्रीवास्तव, बीआरसी,सिरोंज।

छात्रावासो का समय समय पर निरीक्षण किया जाता है। राषि निकालने के मामले की जो षिकायत मिली था जिसकी जानकारी हमने बैंक से प्राप्त की है। साथ ही छात्रावासो में नई अधीक्षिकाओं के लिए भी आवेदन जारी किए है।

**आरपी लखेरा**, डीपीसी विदिषा।

### कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ताला तोड़कर नकदी और कीमती सामान ले उड़े बदमाशः जाते-जाते पास खड़ी बाइक भी चुराई

**सीहोर।** ब्रह्मपुरी कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और कीमती सामान चुरा लिया। इसके साथ ही, वे पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल भी चुरा ले गए। चोरी की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

घटना मोबाइल दुकान संचालक नितिन जोशी के मकान में हुई है। घर को सूना देखकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने इत्मीनान से अलमारी खंगाली और उसमें रखे हजारों रुपये मूल्य के कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान के अंदर चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने बाहर भी हाथ मारा। उन्होंने मकान के पास ही खड़ी एक अन्य नागरिक की मोटरसाइकिल चुरा ली। इसके बाद वे चोरी के माल और उसी बाइक के साथ मौके से फरार हो गए। चोरी की यह पूरी वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में चोरों की संदिग्ध गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात की तलाश शुरू कर दी है।

## लक्ष्मीकांत कालूस्कर स्मृति कार्यक्रम श्रृंखला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय, तिलक चौक द्वारा स्वर्गीय लक्ष्मीकांत कालूस्कर स्मृति कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत प्रथम आयोजन के रूप में रविवार 14 जून को वाचनालय परिसर में 'सरस काव्य-गोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाचनालय के द्वितीय तल पर स्थापित 'स्व. लक्ष्मीकांत कालूस्कर 'उपेन्द्र' सभागार' की पट्टिका के अनावरण से हुई। अनावरण डॉ. सुरेश गर्ग, दिल्ली से पधारे डॉ. वीके त्रिपाठी, सुल्खान सिंह हाड़ा, एडवोकेट सतीश खत्री तथा कालूस्कर जी के सुपुत्र कदम्ब कालूस्कर ने किया।

इस अवसर पर डॉ. सुरेश गर्ग ने स्व. कालूस्कर के वाचनालय के प्रति समर्पण और योगदान को याद किया, जबकि सुल्खान सिंह हाड़ा ने उनसे जुड़े संस्मरण साझा किए। डॉ. वी.के. त्रिपाठी ने उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक ग़ज़ल प्रस्तुत की। वाचनालय के महामंत्री एडवोकेट सतीश खत्री ने बताया कि स्व. कालूस्कर लगभग 35 वर्षों तक वाचनालय के महामंत्री रहे और संस्था के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

काव्य-गोष्ठी का शुभारंभ डॉ. शुभा खत्री द्वारा मां सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद गोवर्धन राजौरिया, निसार मालवी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, विष्णु दुबे, हबीब नादाँ, संतोष भावसार, राजेन्द्र जैन, चाँद खाँ 'चाँद', संजय चतुर्वेदी, अरुण सोनी, शाहिद अली 'शाहिद', कृष्णकांत मूंदड़ा, श्रवण राठौर, सत्येन्द्र धाकड़, नज़ीर नूरी एवं अनुज भार्गव सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शीलचंद पालीवाल ने की। संचालन उदय ढोली ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन एडवोकेट सतीश खत्री ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य एवं पोषण प्रशिक्षण शिविर लगा

**हरिभूमि न्यूज ग्यारसपुर।** भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (CONCOR) की सीएसआर योजना के अंतर्गत प्रगत सामाजिक विकास संस्था द्वारा ग्यारसपुर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य एवं पोषण विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं पांच वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण की स्थिति में सुधार लाना है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सोनू प्रजापति, पोषण प्रशिक्षक स्वाति शर्मा, रुडसेट ट्रेनर नेहा भार्गव, पीएनबी खाद्य प्रसंस्करण ट्रेनर गायत्री सोनी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सीआरपी लखपति दीदी, पशु सखी, उद्यम सखी एवं आजीविका मिशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष रितु नरूला ने की। शिविर में 50 महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को पोषण, स्वच्छता एवं बच्चों को बीमारियों से बचाने के उपायों की जानकारी दी गई।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में समर कैंप का समापन, विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी बहुमुखी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित समर कैंप का समापन हो गया। विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में स्पोकन इंग्लिश, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा म्यूजिक क्लासेस सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां संचालित की गईं।

समापन समारोह में समाजसेवी अतुल शाह मुख्य अतिथि तथा कॉलेज प्रोफेसर केके पंजाबी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बलवीर सिंह तोमर एवं ख्यातिप्राप्त चित्रकार गोविंद विश्वकर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

मुख्य अतिथि अतुल शाह ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और विकसित करने का सर्वोत्तम मंच हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से प्रेरणा लेकर अनेक विद्यार्थी आज प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं। प्रोफेसर के.के. पंजाबी ने कहा कि संगीत, खेल और कला जैसी विधाओं को सीखने के लिए किसी विशेष भाषा की आवश्यकता नहीं होती तथा दुनिया का कोई भी विद्यार्थी इन्हें सहजता से सीख सकता है। बलवीर सिंह तोमर ने विद्यालय द्वारा समर कैंप के सफल आयोजन एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए प्राचार्य और समस्त स्टाफ को बधाई दी। चित्रकार गोविंद विश्वकर्मा ने भी विद्यार्थियों को रचनात्मकता और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## जन कल्याण शिविर के अंतिम दिन उमड़ी भीड़, 630 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर



तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का समापन हो गया। समापन दिवस पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही शिविर में पहुंचे, जिससे पूरे परिसर में आवेदकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

शिविर के अंतिम दिन विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने पहुंचकर हितग्राहियों से चर्चा की तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा कुपोषण से प्रभावित बच्चों के अभिभावकों को पोषण किट प्रदान की गई। तीन दिवसीय शिविर में कुल 630 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। अंतिम दिन आयुष्मान कार्ड, बीपीएल पात्रता पर्ची, पशु किसान क्रेडिट कार्ड शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा राजस्व संबंधी आवेदनों की संख्या अधिक रही। शिविर में सफलता की कहानियों के अंतर्गत किसान भगवान सिंह कुशवाह ने जैविक खेती के अपने अनुभव साझा करते हुए इसके लाभों की जानकारी दी।

### स्कूली बच्चों को स्वच्छ, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुआ आयोजन

## ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न, ऊषा धाकड़ प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन




प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को स्वच्छ, स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं मेनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र नटेरन परिसर में ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने पाक कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का अवलोकन विधायक सूर्यप्रकाश मीना, एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल, जनपद पंचायत नटेरन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल सिंह रघुवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया। अतिथियों ने तैयार किए गए व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वच्छता और प्रस्तुति का निरीक्षण करते हुए यह भी जाना कि विद्यालयों में बच्चों को प्रतिदिन किस प्रकार भोजन परोसा जाता है। प्रतियोगिता में चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। नटेरन की ऊषा धाकड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5 हजार पुरस्कार हासिल किया। द्वितीय स्थान पर नरखेड़ा खड़या की गीता नामदेव एवं पीपलधार की सरोज बाई रहीं, जिन्हें 3,000 का पुरस्कार दिया गया। तृतीय स्थान पर मूडरा शेरपुर की रुचि प्रजापति, सेऊ की राजकुमारी सेन तथा रावण की रजनी धाकड़ रहीं, जिन्हें 2,000 का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं कस्बाखेड़ी की शारदा बाई, मरखेड़ा की सुशीला बाई एवं बूधौर की सुनीत बाई को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 1 हजार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी रसोइयों को प्रमाण-पत्र दिए गए।

### रसोइयों को मिलता है चार हजार मानदेय

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि पीएम पोषण योजना के तहत काम करने वाले रसोइयों को प्रतिमाह 4 हजार रुपए का मानदेय दिया जाता है वह भी सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाता है, जिससे भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी सुधीर जैन, अशोक अहिरवार, अशोक नागले, उमाशंकर शर्मा, शैलेश भार्गव, वीरेंद्र तिवारी एवं बालमुकुंद शर्मा सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।






## खबर संक्षेप

### कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय समाज का पौधरोपण

**सोहागपुर।** कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय संगठन सोहागपुर ने गत दिवस संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा के जन्मदिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस दौरान संगठन सदस्यों ने पलकमती नदी के किनारे पीपल के पौधे का रोपण किया। साथ ही सभी ने प्रकृति संरक्षण में अपने सतत योगदान का संकल्प लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ सदस्य गोपालशंकर मासाब, संतोष मौर्य, दादूराम कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, रमेश ठेकेदार गुड्डू भाई, रमेश कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, राजेश मौर्य एवं पार्षद आशीष विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस कमेटी ने जलाया पुतला

**पिपरिया।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश अनुसार नगर युवक कांग्रेस कमेटी एवं युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमलेश साहु चिंकू के कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पचमढ़ी रोड स्थित शिवाजी महाराज चौराहा पर निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश का पुतला दहन किया गया। तथा भाजपा की प्रदेश सरकार केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

कांग्रेस का कहना है। संविधान की भावना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुंचाने का भाजपा एवं निर्वाचन आयोग पर पक्षपात करने का आऱोप लगाया गया।इस अलौकतांतरिक पक्षपात पूर्ण निर्णय के विरोध में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का प्रतीकात्मक रूप में पुतला दहन कर विरोध जताया गया।

### सड़क पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता, एसबीआई चौराहा रोका, तालाबंदी नहीं कर सके

# कांग्रेस ने नगरपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ महाप्रदर्शन किया

शहर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इटारसी में नगरपालिका के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया ।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस ने एक बड़ा और उग्र प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस आंदोलन के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकाली और नगर पालिका में तालाबंदी के लिए निकले। सभी को एसबीआई चौराहे पर ही बैरीकेडिंग करके रोक दिया गया।

#### चिकमंगलूर चौराहा से एसबीआई तक गरजी कांग्रेस

आंदोलन की शुरुआत लाइन पहली से हुई। मयूर जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, युवा और महिला विंग के सदस्य नारेबाजी करते हुए चिकमगलूर चौराहा और ऑडिटोरियम रोड होते हुए एसबीआई चौराहे की ओर बढ़े। रैली में 300 से 400 से अधिक लोग शामिल थे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और टीआई सौरभ पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल ने बैरिकेडिंग कर रैली को आगे बढने से रोका, जिससे आक्रोशित प्रदर्शनकारी सड़क पर ही बैठ गए और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

#### अल्टीमेटम : 15 मिनट में आएं, नहीं तो नपा में ताला

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने तीखे तेवर दिखाते हुए प्रशासन को खुली चेतावनी दी। उन्होंने कहा इटारसी की जनता पीने के पानी, टूटी सड़कों और गंदगी से बेहाल है। अगर एसडीएम या नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी 15 मिनट के भीतर मौके पर आकर हमारी मांगें नहीं सुनते हैं, तो हम नगर पालिका दफ्तरों में तालाबंदी करने पर मजबूर होंगे।

मयूर जायसवाल ने बयान देते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासन को पर्याप्त समय दिया था, लेकिन उनकी चुप्पी के कारण यह कदम उठाना पड़ा। यदि 1 महीने के भीतर जनता से जुड़ी इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इससे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### ये हैं आंदोलन की 5 प्रमुख मांगें और शिकायतें

सड़कों की दयनीय हालत और भ्रष्टाचार : शहर की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कायाकल्प जैसी योजनाओं में करोड़ों की अनियमितता और भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच कर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई हो।

#### पुलिस मुस्तैद, नपा ने साधी चुप्पी

मामले पर जानकारी देते हुए एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र और टीआई सौरभ पांडे ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई थी और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। दूसरी ओर, इस पूरे उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम को लेकर नगर पालिका प्रशासन की तरफ से अध्यक्ष पंकज चौरे ने इसे केवल राजनीतिक स्टंट करार दिया और कहा कि नगर पालिका चुनाव के लिए तैयारी के तहत यह प्रोपेगंडा किया जा रहा है, जबकि नगर पालिका हर क्षेत्र में काम कर रही है, इनके मंसूबे जनता पूरे नहीं होने देगी।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मयूर जैसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है, केन्द्र से लेकर नगर पालिका तक भाजपा का राज है, इनके मन से डर खत्म हो गया है, मनमानी चल रही है। हमारी सरकार आयी और तब भी ऐसा ही विकास में लापरवाही हुई हम तब भी आंदोलन करके सत्ता को चेताएंगे। आज एसडीएम को ज्ञापन दिया है, उन्होंने कल बात करने बुलाया है, हमारी मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### ये है प्रमुख मांगें

**गंभीर पेयजल संकट :** कई वार्डों में नल नियमित नहीं आ रहे हैं और लोग टैंकरों के भरोसे हैं। व्यवस्थित पेयजल आपूर्ति तुरंत बहाल की जाए।

**नालियों के बीच से गुजरती पाइपलाइन :** शहर में कई जगह पानी की पाइपलाइनें गंदी नालियों के भीतर से गुजर रही हैं, जिससे दूषित पानी और संक्रमण का खतरा है। इन्हें तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए।

**टैक्स वसूली में मनमानी :** बाजार क्षेत्रों में नगर पालिका द्वारा बिना किसी उचित कारण के व्यावसायिक करों में भारी बढ़ोतरी की गई है। दुकानदारों के हित में इस मनमाने टैक्स को तत्काल निरस्त किया जाए।

**ध्वस्त सफाई व्यवस्था :** वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं और सफाई कर्मी समय पर नहीं आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जाए।

## कांग्रेस की मांग : किसानों को केन और बैरल में डीजल मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

क्षेत्र में किसानों को केन एवं बैरल में डीजल नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका के बीच नगर कांग्रेस ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि हाल ही में जारी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के बाद कई पेट्रोल पंप संचालक किसानों को केन अथवा बैरल में डीजल देने से इंकार कर रहे हैं, जिससे किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में मानसून पूर्व कृषि गतिविधियां तेज गति से चल रही हैं। खेतों की तैयारी, जुताई, मूंग फसल की कटाई सहित विभिन्न कृषि कार्यों में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इन यंत्रों के संचालन के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल की आवश्यकता होती है, लेकिन खेतों में कार्यरत मशीनों को बार-बार पेट्रोल पंप तक ले जाकर डीजल भरवाना किसानों के लिए व्यावहारिक नहीं है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सिवनी मालवा तहसील कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां कई गांव पेट्रोल पंपों से 50 से 60 किलोमीटर दूर स्थित हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को डीजल लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और श्रम के साथ अतिरिक्त आर्थिक भार भी बढ़ रहा है। वहीं ट्रैक्टरों की सीमित ईंधन क्षमता के कारण किसानों को बार-बार पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मंत्रालय की अधिसूचना में एक उपभोक्ता को प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल दिए जाने का प्रावधान है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को आवश्यक पहचान दस्तावेजों एवं निर्धारित नियमों के तहत केन और बैरल में डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कृषि कार्य बाधित न हों।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने जिला प्रशासन से संबंधित विभागों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि किसानों को डीजल उपलब्ध कराने के लिए व्यावहारिक समाधान निकाला जाना चाहिए, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष हैरीसन स्वामी, पृथ्वीराज रघुवंशी, शेख साजिद कुरैशी, नर्मदा गौर, प्रशांत गोस्वामी, देवेंद्र रघुवंशी, कृष्णकांत मानिक, आकाश दर, फारूक, दीपक गोस्वामी, रामबाबू बैरागी, समीउल्लाह शाह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, खेल मैदान और बुनियादी सुविधाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को इटारसी आगमन पर जबलपुर जोन के महाप्रबंधक (जीएम) दिलीप कुमार सिंह से संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक को 14 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया।

मुलाकात के दौरान मंडल संगठक प्रीतम तिवारी ने पूरे भोपाल मंडल के रेलवे खेल मैदानों की दयनीय स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए उन्हें तत्काल ठीक कराने की पुरजोर मांग रखी। इसके साथ ही नए स्टेशन भवन के जल्द निर्माण, रेलवे कॉलोनियों की सड़कों की स्थिति सुधारने और कर्मचारियों से जुड़े अन्य आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने संघ को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण कर रेलकर्मियों के हित में कार्य किए जाएंगे।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा, मंडल संगठक प्रीतम तिवारी, उप मंडल अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, महाकाल कश्यप, संजय कैचे, अर्जुन उत्वारा, गुलाब सरोदे, राजेश यादव, अमित डगर, अशोक, राजेश कुमार, तरुण शुक्ला, ज्ञानेंद्र दुबे, रोहित रैकवार, रविंद्र चौधरी, मुकेश, हरिप्रसाद, सुदीप मंसूरिया, हेमराज सिसोदिया एवं महेश लिंगायत शामिल रहे। उक्त जानकारी मंडल संगठक प्रीतम तिवारी द्वारा दी गई।

## नर्मदापुरम-दिल्ली फोरलेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज

### फोरलेन से होगा फायदा, व्यापार, रोजगार और निवेश को लाभ, व्यापारियों व किसानों की बढ़ेगी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

नर्मदापुरम से दिल्ली मार्ग के उन्नयन एवं फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के तहत सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट तैयार की गई है तथा प्रभावित ग्रामों में जनसुनवाई आयोजित कर ग्रामीणों, किसानों और भूमि स्वामियों से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की गई हैं। परियोजना के लिए सिवनी मालवा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कुल लगभग 4.33 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा गया है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार ग्राम बनापुरा में 2.784 हेक्टेयर, बराखड़ कला में 0.308 हेक्टेयर, बराखड़ खुर्द में 0.475 हेक्टेयर तथा दमड़िया में 0.763 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए चिन्हित की गई है। अधिग्रहण की जाने वाली भूमि मुख्य रूप से सड़क निर्माण एवं उससे जुड़ी आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए उपयोग में लाई जाएगी।

#### सड़क निर्माण के पक्ष में सामने आए ग्रामीण

जनसुनवाई के दौरान आयोजित बैठकों में ग्रामीणों ने परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कई ग्रामों में आयोजित बैठकों में उपस्थित लोगों ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक कार्यवृत्त में दर्ज अभिमतों के अनुसार अधिकांश स्थानों पर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का समर्थन किया तथा प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण पर अपनी सहमति दर्ज कराई।

#### व्यापार, रोजगार और निवेश को मिलेगा लाभ

सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि नर्मदापुरम-दिल्ली मार्ग के उन्नयन से क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा। सड़क निर्माण के बाद परिवहन व्यवस्था में सुधार आएगा, यात्रा समय कम होगा तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि परियोजना से निर्माण कार्यों के दौरान और बाद में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की संभावना है।

जनसुनवाई और सामाजिक प्रभाव आकलन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम प्रतिवेदन शासन को भेजा जाएगा। इसके आधार पर भूमि अधिग्रहण की आगे की कार्रवाई और परियोजना के क्रियान्वयन से संबंधित निर्णय लिए जाएंगे।

प्रशासन का कहना है कि प्रभावित किसानों एवं भूमि स्वामियों के सुझावों और आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम-दिल्ली फोरलेन परियोजना को क्षेत्र की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं में शामिल माना जा रहा है, जिससे भविष्य में सिवनी मालवा क्षेत्र को बेहतर सड़क संपर्क और विकास के नए अवसर मिलने की भी उम्मीद है।

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय प्रभावों का परीक्षण नियमानुसार पर्यावरणीय स्वीकृति और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार भूमि अधिग्रहण और परियोजना क्रियान्वयन की समस्त कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रावधानों और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

### नपा के जनकल्याण शिविर में नहीं आए हितग्राही

**पिपरिया।** नगरपालिका परिषद के परिसर में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। दिनांक 15/6(26को जनपद पंचायत क्षेत्र में तथा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित करने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन शिविर में देखने में आया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया के द्वारा शासकीय कार्य में लापरवाही की गइ, जनपद का शिविर नगरपालिका परिषद के शिविर में समाहित कर दिया गया, शिविर का कोई प्रचार प्रसार भी नहीं किया गया। जिसके कारण कुल 7 आवेदन ही पहले ही दिन में जमा हुए। जनपद पंचायत के सदस्य भी कार्यक्रम में नही पहुंचे ।

### सोमवती अमावस्या पर किया नर्मदा स्नान, हुआ पुरुषोत्तम मास का समापन

**पिपरिया।** पुरुषोत्तम मास अर्थात अधिक मास का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर सनातनी ब्लॉक क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर सुबह चार बजे से स्नान करने पहुंचे। साथ ही नर्मदा घाट पर ही नागरिकों ने पूजन एवं दान आदि प्रक्रिया संपन्न की। उल्लेखनीय है कि अमावस्या पर पुरुषोत्तम मास का समापन हुआ तथा इस वर्ष अमावस्या सोमवार को रही। सोमवती अमावस्या के इस पुण्य फलदायी अवसर पर मां नर्मदा में स्नान करने सुबह चार बजे से ही हजारों सनातनी ब्लॉक क्षेत्र के घाटों पर पहुंचे। वहीं नागरिकों ने स्नान उपरांत अन्न व वस्त्र आदि का दान भी कन्याओं तथा विप्रों को किया। सनातनियों ने नर्मदा घाटों पर बालू से शिवलिंग का निर्माण कार्य करते हुए नर्मदा के जल से शिव का अभिषेक किया। सनातनियों ने सोमवती अमावस्या एवं पुरुषोत्तम मास के समापन के विशिष्ट संयोग पर नर्मदा घाटों पर भंडारा आयोजन किया।

### निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी ने संभाला थाना प्रभारी का पद

**सोहागपुर।** पुलिस विभाग में नर्मदापुरम जिले में एसपी ने गत दिनों थोक में स्थानांतरण किये हैं। सूची में सोहागपुर थाने में थाना प्रभारी रूप में गिरीश त्रिपाठी का स्थानांतरण हुआ है, जिन्होंने रविवार दोपहर सोहागपुर थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया है। थाना परिसर में मौजूद पुलिस बल द्वारा उनका पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। गिरीश त्रिपाठी मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर प्रतिष्ठित 'रुस्तम जी पुरस्कार' से



सम्मानित किये जा चुके हैं। उन्होंने बालाघाट, जबलपुर, परवलिया और मुख्यालय एवं बैरसिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं। अब सोहागपुर ब्लॉक सरीखे संवेदनशील थाना क्षेत्र में उनकी नियुक्ति को लेकर क्षेत्रवासियों में सकारात्मक उम्मीदें हैं।

### बिजली गुल लोग परेशान

**सोहागपुर ।** शनिवार शाम से सोमवार शाम तक बार-बार हुई ट्रिपिंग हुई , जिस कारण आम नागरिकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बिजली कंपनी घटिया उपकरण उपयोग करती है, मेंटनेंस दिखावटी होता है, लोग परशान होते है।

## राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और उन्हें तनाव मुक्त रहने के तौर-तरीके सिखाने के उद्देश्य से कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में सांदीपनि विद्यालय, पचमढ़ी से मो. इरफ़ान कुरैशी एवं श्री विक्रम पटेल उपस्थित रहे।

#### आत्मविश्वास ही सफलता का मूल मंत्र

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए आत्मविश्वास को सफलता की असली कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी छात्रों को स्थिर रहना चाहिए और धैर्यपूर्वक हर मुश्किल का सामना करना चाहिए। प्राचार्य ने तनाव से मुक्ति के लिए योग और पर्यावरण संवर्धन की गतिविधियों से जुड़ने की विशेष अपील की। इस दौरान उन्होंने 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' आयुष मंत्रालय एवं 'हैबील्ड' द्वारा आयोजित ऑनलाइन योग कार्यक्रम तथा 'सीड बॉल निर्माण अभियान' का विशेष रूप से उल्लेख किया।

#### सीखा सीड बॉल निर्माण

पर्यावरण से जुड़कर तनाव कम करने के इसी क्रम में श्री सुरेश कुमार दहीकर ने विद्यार्थियों को सीड बॉल निर्माण की बारीकियों से परिचित कराया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शफिया ज़हरा, श्री रोहित कुशवाहा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र-छात्रा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा





अखिल गोंडवाना महासभा के अंतर्गत गोंडवाना कर्मचारी अधिकारी संघ, सिवनी मालवा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल मांगलिक भवन, तवा कॉलोनी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 45 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमेश धुर्वे, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती तिरुमयी सरिता पद्माकर, संरक्षक गोंड महासभा महिला प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में किशन सल्लाम, शेरसिंह सल्लाम, सुरेंद्र परपची एवं रूपराम तुमराम शामिल रहे। कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की। अतिथियों ने सम्मानित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान न केवल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करता है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देता है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, समाजजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह के सफल आयोजन में गोंडवाना कर्मचारी अधिकारी संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम की जानकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र परपची ने दी। उन्होंने बताया कि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

## उमरिया में सजेगा राज्य स्तरीय सुब्रतो कप का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

खेल जगत से उमरिया जिले के लिए एक गौरवान्वित करने वाली खबर सामने आई है। आगामी 15 जून से 18 जून 2026 तक उमरिया में राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए खेल जगत की जानी-मानी शख्सियत संतोष यादव को ऑफिशियल नियुक्त किया गया है।





#### उत्कृष्ट कार्यशैली और तकनीकी दक्षता का मिला सम्मान

संतोष यादव की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के पीछे उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, समर्पण और बेजोड़ तकनीकी दक्षता है। इससे पूर्व उमरिया में आयोजित हुई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल और गरिमापूर्ण संचालन में उन्होंने समर्पित भाव से सराहनीय योगदान दिया था। उनके इसी समर्पण को देखते हुए शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता, उमरिया कलेक्टर धरनेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अंजलि पटेल एवं एस.जी.एफ.आई. (SGFI) ऑब्जर्वर वेद प्रकाश यादव द्वारा उन्हें पूर्व में सम्मानित भी किया जा चुका है।

संतोष यादव को राज्य स्तरीय सुब्रतो कप में ऑफिशियल की बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। इस बड़ी उपलब्धि पर उनके विद्यालय परिवार, स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि संतोष यादव के मार्गदर्शन और तकनीकी अनुभव से इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का स्तर और अधिक ऊंचा होगा।